शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल– **registrarsnpv@gmail.com** , वेबसाईट- **https://snpv.ac.in**

रायगढ़, दिनाँक 23.12.2022

क्रमाँक. 3952/E/परीक्षा–गोपनीय/2022

–:: अधिसूचना ::–

सत्र 2022–23 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा संचालित पाठयक्रमों के स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के एवं डिप्लोमा पाठयक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों द्वारा शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ की वेबसाईट **https://snpv.ac.in** पर उपलब्ध **Online Portal Link** के माध्यम से ऑनलाईन नामाँकन (ऐसे परीक्षार्थियों के लिए जिनके नामाँकन इस विश्वविद्यालय में नही हुआ है एवं प्रथम बार इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे) परीक्षा आवेदन एवं ऑनलाईन परीक्षा शुल्क (विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 1757/परीक्षा/2021, रायगढ़, दिनाँक 25.11.2021 द्वारा निर्धारित) जमा करने के लिए तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

क्रं.	विवरण	तिथि
01.	स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों के लिए बिना विलंब शुल्क	24.12.2022 से 10.01.2023 रात्रि 12:00 बजे तक
02.	स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों के लिए विलंब शुल्क 200/– रूपये के साथ	11.01.2023 से 20.01.2023 रात्रि 12:00 बजे तक

- परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म भरते समय पोर्टल पर दिये गये निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करें एवं पूर्ण सावधानी के साथ परीक्षा फॉर्म भरे।
- परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी (प्रिंट कर) आवश्यक दस्तावेज के साथ संलग्न कर 28.01.2023 तक अनिवार्यतः महाविद्यालय में जमा किया जाये।
- महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल से ऑनलाईन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की सूची डाउनलोड कर सूची के क्रमानुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदनों का आवश्यक संलग्नक दस्तावेजो के साथ परीक्षण कर विधिवत् अग्रेषित कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में दिनांक 31.01.2023 तक जमा किया जाना होगा।

नोट :–

01. बी.एड. प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों द्वारा नामाँकन एवं परीक्षा फॉर्म उपरोक्तानुसार उल्लेखित तिथियों में भरे जायेंगे एवं अन्य बी.एड. परीक्षार्थियों द्वारा जिनका इस विश्वविद्यालय में पूर्व से नामांकन है, वे सीधे परीक्षा फॉर्म भरेंगे।
02. विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हो रहे वे नियमित छात्र–छात्राएँ जिनका नामाँकन इस विश्वविद्यालय में नही हुआ है वे नामाँकन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म दोनो भरेंगे अपितु जिन छात्रों का नामाँकन पूर्व में इस विश्वविद्यालय में हो चुका है वे सीधा परीक्षा फॉर्म भरेंगे।
03. स्नातक पाठ्यक्रमों एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के स्वाध्यायी यथा भूतपूर्व परीक्षार्थियों के नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म भराये जाने हेतु पृथक से अधिसूचना जारी की जायेगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्रं. 3953/E/परीक्षा–गोपनीय/2022 रायगढ़, दिनांक 23.12.2022

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. वित्ताधिकारी/उप–कुलसचिव (वित्त/भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

परीक्षा प्रभारी